Phone & Fax no.0135-2431159
email: cfbhagi-forest-uk@nic.in

# कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।

पत्रांक – 589 /12–1 मुनिकीरेती, दिनांक 13/09/2023,।

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोड़ल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– **जनपद उत्तरकाशी में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हेतु हुर्री में 0.92 है0 वन भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–276/FP/UK/Other/43291/2019, दिनांक–29.07.2021,।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयक प्रकरण में आपके द्वारा उक्त प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत की गयी थी जिसका निराकरण कर अनुपालन आख्या प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी द्वारा अपने संदर्भित पत्र से इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र.सं. | शर्तो/प्रतिबन्धों का विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव में संलग्न विषय सूची में पृष्ठ संख्या अंकित नही की गई है। | बिन्दु संख्या 01 के अनुपालन में प्रस्ताव में संलग्न विषयसूची में पृष्ठ संख्या अंकित कर दी गयी है। |
| 2 | भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रयोक्त एजेन्सी द्वारा भरे जाने वाले भाग–1 में दिनांक अंकित नही की गई है। | बिन्दु संख्या 02 के अनुपालन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा भरे जाने वाले भाग–1 में दिनांक अंकित नही की गई है। |
| 3 | प्रस्ताव में संलग्न बार–चार्ट को रंगों से नही दर्शाया गया है। | बिन्दु संख्या 03 के अनुपालन में बार–चार्ट को रंगों से दर्शा दिया गया है। |
| 4 | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र लैण्ड शैड्यूल में वन भूमि का क्षेत्रफल अंकित नहीं किया गया है। | बिन्दु संख्या 04 के अनुपालन में प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र लैण्ड शैड्यूल में वन भूमि का क्षेत्रफल अंकित कर दिया गया है। |
| 5 | प्रस्ताव में संलग्न वन अधिकार अधिनियम, 2006 से सम्बन्धित जिला अधिकारी के प्रमाण–पत्र में दिनांक अंकित नहीं की गई है। | बिन्दु संख्या 05 के अनुपालन में प्रस्ताव में संलग्न वन अधिकार अधिनियम, 2006 से सम्बन्धित जिला अधिकारी के प्रमाण–पत्र में दिनांक अंकित कर दी गई है। |
| 6 | इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये दो प्रस्तावों में संलग्न मानचित्र फोटो छायाप्रति में संलग्न किये गये हैं जो कि रंगीन छायाप्रति में संलग्न किये जाने है। | बिन्दु संख्या 06 के अनुपालन में प्रस्तावों में संलग्न मानचित्र फोटो छायाप्रति में संलग्न किये गये हैं जो कि रंगीन छायाप्रति में संलग्न कर दिये गये है। |
| 7 | प्रस्ताव में संलग्न लाभान्वित होने वाले ग्रामों के प्रमाण–पत्र में सूचना अंकित नहीं की गई है। | बिन्दु संख्या 07 के अनुपालन में प्रस्ताव में संलग्न लाभान्वित होने वाले ग्रामों के प्रमाण–पत्र में सूचना अंकित कर दी गई है। |
| 8 | प्रस्ताव में संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अंकित नहीं किये गये है। | बिन्दु संख्या 08 के अनुपालन में प्रस्ताव में संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी के द्वारा हस्ताक्षर कर दिये गये है। |

भवदीय

(धर्म सिंह मीणा)
वन संरक्षक

संख्या:– 589 / 12–1 दिनांकित।

**प्रतिलिपि** प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(धर्म सिंह मीणा)
वन संरक्षक
13/9/2023